CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 151 ▫ रायपुर, बुधवार 24 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### मुंबई लोकल ट्रेन में मर्डरः बारिश के कारण ट्रेन का दरवाजा बंद करने को लेकर युवक को चाकू से गोद डाला

**नई दिल्ली, 24 जून (न्यूज चैनल)।** मुंबई लोकल ट्रेन में मर्डर की वारदात हुई है। बारिश के कारण ट्रेन का दरवाजा बंद करने को लेकर 22 साल के युवक की हत्या कर दी गई। आरोपी शख्स ने मुंबई की फास्ट लोकल ट्रेन के फर्स्ट क्लास कोच में युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक युवक का नाम मयंक रमेश लोहार है। घटना अंधेरी से बोरीवली के बीच हुई। वारदात के बाद आरोपी आराम से ट्रेन से उतरकर फरार भी हो गया। घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच और शव को अपने कब्जे में लिया। आरोपी को पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस सीसीटीवी फुटेज का सहारा ले रही है। जानकारी के मुताबिक मुंबई की फास्ट लोकल ट्रेन के फर्स्ट क्लास कोच में मृतक शख्स मयंक रमेश लोहार ट्रेवल कर रहा था। बारिश के चलते दरवाजा बंद करने को लेकर गेट के पास खड़े शख्स से बहस हो गया।



### बंगाल बम विस्फोट मामले में तीन जगहों पर एनआईए की रेड, बम तैयार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 24 जून (न्यूज चैनल)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के अमता इलाके में तलाशी के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 2022 में हुए उस बम धमाके के सिलसिले में की गई है, जिसमें बम बनाने वालों में से एक की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे। एनआईए ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वे विस्फोटक पदार्थ तैयार करने का काम करते थे। जांच एजेंसी के अनुसार, हावड़ा (ग्रामीण) के अमता इलाके के रहने वाले असफार मिड्डया और एंताजुल मिड्डया को मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी आरोपियों के संदिग्ध ठिकानों पर तीन जगहों पर तलाशी अभियान चलाने के बाद हुई है। इन दोनों आरोपियों की पहचान मुख्य आरोपियों के तौर पर की गई है। इन्हीं के निर्देश पर 23 फरवरी 2022 को अमता पुलिस स्टेशन इलाके में चंद्रपुर बाजार के पास अवैध रूप से देसी बम बनाए जा रहे थे।




चूहा- सुनती हो, अगले साल से प्रदेश में 1 अप्रैल से शिक्षण सत्र लगेगा।

चुहिया- हां जी, शिक्षा विभाग में सदैव प्रयोग चलते रहते हैं।

## बाल संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा में बड़ी चूक

# खिड़की तोड़कर 11 अपचारी नाबालिग फरार



**अंबिकापुर, 24 जून (हाईवे चैनल)।** शहर के बाल संप्रेक्षण गृह से कल देर शाम बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है। तेज बारिश के दौरान बिजली गुल होने का फायदा उठाकर 11 अपचारी बालक खिड़की तोड़कर और दीवार फांदकर फरार हो गए। घटना के बाद प्रबंधन में हड़कंप मच गया और पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

बाल संप्रेक्षण गृह में कार्यरत हाउस फादर मनीष कुशवाहा ने बताया कि देर शाम बादलों की गड़गड़ाहट के बीच तेज बारिश के दौरान बिजली गुल हो गई। इसी का फायदा उठाकर अपचारी बालकों ने पहले खिड़की तोड़ी, फिर पीछे की दीवार फांदकर मौके से भाग निकले। हैरानी की बात ये है कि घटना के समय संप्रेक्षण गृह के मुख्य गेट पर दो सुरक्षा कर्मी तैनात थे। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में बालकों का फरार हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। फरार बालकों में दुष्कर्म और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों के आरोपी भी शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही बाल संप्रेक्षण गृह प्रबंधन में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल गांधीनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने फरार सभी 11 अपचारी बालकों की तलाश के लिए टीमों का गठन कर दिया है। फिलहाल आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और फरार बालकों का सुराग जुटाने की कोशिश की जा रही है।

# गांजा डीलर का पता नहीं बताया तो नशेड़ी युवकों ने नाबालिग पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला

## एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर बेदम पीटा

**धमतरी, 24 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां गांजा सप्लायर का पता नहीं बताने पर कुछ नशेड़ी युवकों ने एक नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। यह मामला भखारा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के अनुसार, भखारा के भेंडरवानी गांव में दो युवक एक नाबालिग से गांजा सप्लाई करने वाले का पता पूछ रहे थे। नाबालिग ने उन्हें पता बताने से इनकार कर दिया। इसी बात से युवक तैश में आ गए और अपने साथ लाए चाकू से नाबालिग पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोपियों में से एक को धर दबोचा और उसकी बेदम पिटाई कर दी। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है और अब पुलिस जांच में जुट गई है। लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या अब ना में जवाब देना भी जानलेवा बन गया है? क्या नशेड़ियों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं? और क्या अब राह चलते इंसान को रास्ते में चलना छोड़ देना चाहिए? बहरहाल, एक ओर घायल का इलाज जारी है, वहीं इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीण गांजा तस्करों के साथ-साथ नशा करने वालों पर भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## सेंट जेवियर स्कूल में छात्रा से दुष्कर्म मामले में फूटा आक्रोश, सर्वसमाज ने कलेक्टोरेट का किया घेराव

**बिलासपुर, 24 जून (हाईवे चैनल)।** सिरगिट्टी स्थित सेंट जेवियर स्कूल की नाबालिग छात्रा के चाकू की नोक पर अपहरण और दुष्कर्म के मामले में जिला श्रीवास-सेन समाज ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी शिक्षक को फांसी, स्कूल बंद करने और प्रबंधन के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि यह मामला 11 जून को सामने आया था। घटना के बाद बजरंग दल ने भी स्कूल का घेराव कर प्रदर्शन किया था। नाबालिग छात्रा के अपहरण और दैहिक शोषण की घटना से पूरे शहर में आक्रोश है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 23 जून को श्रीवास-सेन समाज



के लोग कुदुदंड स्थित मां तुलजा भवानी मंदिर के सामने एकजुट हुए। सर्वसमाज ने भी इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर समर्थन दिया। सभा के बाद बड़ी संख्या में युवक-युवतियां और समाज के वरिष्ठजन नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतरे और कलेक्ट्रेट पहुंचे।

## सरपंचों ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा, उपेक्षा का लगाया आरोप, सामूहिक इस्तीफे और उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



**मोहला, 24 जून (हाईवे चैनल)।** पांचवीं अनुसूची क्षेत्र मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के तीनों विकासखंडों के सरपंचों ने मंगलवार को जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। विभिन्न समस्याओं और चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे सरपंचों ने जिला पंचायत कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय का घेराव करते हुए प्रशासन पर उनकी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। घंटों इंतजार के बाद भी कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने पर सरपंचों में भारी नाराजगी देखी गई। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन और सामूहिक इस्तीफे तक की चेतावनी दे डाली।

सरपंच संघ के प्रतिनिधि पहले जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर से मिलने पहुंचे थे। सरपंचों का आरोप है कि सीईओ ने उनकी बातें पूरी तरह नहीं सुनीं और पंचायत कार्यों, टैक्स कलेक्शन तथा महिला सरपंचों द्वारा अपने पति या पुत्र को कार्यालय लाने जैसी बातों पर दबावपूर्ण तरीके से चर्चा की। इससे नाराज होकर सभी सरपंच कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें उम्मीद थी कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। दोपहर तक जिले के तीनों विकासखंडों के सैकड़ों सरपंच कलेक्टर कार्यालय परिसर में एकत्रित हो गए और जमीन पर बैठकर कलेक्टर तूलिका प्रजापति का इंतजार करते रहे। कड़ी धूप में घंटों बैठे सरपंचों ने आरोप लगाया कि उन्हें पीने का पानी तक नहीं मिला।

# हाईकोर्ट का फैसला: 11 साल की सौतेली बेटी से यौन शोषण, पिता को हुई उम्रकैद की सजा

**बिलासपुर, 24 जून (हाईवे चैनल)।** अपनी ही सौतेली बेटी को गर्भवती बनाने वाले पिता को जिला न्यायालय की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाई है. अपर सत्र न्यायाधीश पूजा जायसवाल की कोर्ट ने अपने फैसले में तल्ख टिप्पणी की है. कोर्ट ने कहा कि आरोपी ने एक बच्ची के विश्वास और संरक्षण के अधिकार का घोर उल्लंघन किया है. इसके साथ ही कोर्ट ने पीड़िता को 7 लाख रुपए का मुआवजा देने की भी अनुशंसा की है।



दरअसल, पीड़िता की मां को उसका पहला पति कोरोना काल के दौरान छोड़कर चला गया था. इसके बाद महिला ने आरोपी के साथ 'चूड़ी विवाह' कर लिया और दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे. आरोपी परिवार चलाने के लिए पत्नी और उसकी 11 वर्षीय बेटी के साथ मुंबई चला गया, जहां वह एक निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत में गार्ड का काम करने लगा। घटना की शुरुआत 15 जुलाई 2023 को हुई, जब आरोपी बच्ची को एक सुनसान बिल्डिंग में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया. जब बच्ची ने अपनी मां को यह बात बताने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसकी मां को जान से मारने और उन्हें बेसहारा छोड़कर चले जाने की धमकी दी. इस डर के कारण बच्ची चुप रही और आरोपी मुंबई से लेकर रतनपुर स्थित गांव के किराए के मकान पहुंचने तक लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

इधर दिसंबर में जब यह परिवार रतनपुर लौटा, तब आयुष्मान सर्वे के दौरान स्थानीय मितानिन स्मृति गोपाल की नजर बच्ची पर पड़ी. बच्ची का पेट असामान्य रूप से फूला देख मितानिन को संदेह हुआ. उन्होंने इसकी जानकारी बच्ची की मां को दी और उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी. सिम्स अस्पताल में कराई गई सोनोग्राफी रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बच्ची 8 माह की गर्भवती है. जिसके बाद मामला थाना पहुंचा. 16 जुलाई 2024 को रतनपुर थाने में मामले की शुरुआती जांच में बच्ची की मां ने कुछ नशेड़ी युवकों पर संदेह जताया था, लेकिन तत्कालीन रतनपुर टीआई रजनीश सिंह को सौतेले पिता पर शक हुआ. सच्चाई सामने लाने के लिए पुलिस ने नवजात शिशु और आरोपी के रक्त के नमूने रायपुर स्थित राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा. डीएनए के मैच खाने की पुष्टि हुई. कोर्ट ने अपने फैसले में विवेचना और साक्ष्य संकलन को महत्वपूर्ण मानते हुए फैसला सुनाया।




CMYK